ମହାନଦୀକୋଲଫିଲ୍ଡସ୍ଲିମିଟେଡ महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड Mahanadi Coalfields Limited	महाप्रबंधक (प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान /राजभाषा) का कार्यालय, एमसीएल, मो./डाकघर: जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर At-AnandVihar, PO-Jagrutivihar, Sambalpur	MCL

राजभाषा कार्यशाला – दिनांक 19 जून 2020

दिनांक 19.06.2020 प्रातः 10:30 बजे को महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के मुख्यालय में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कोविड महामारी हेतु सामाजिक दूरी का पालन करते हुए कार्यशाला ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की गयी थी। कार्यशाला में संकाय सदस्य के रूप में डॉ॰ हरिश्चंद्र शर्मा, पूर्व प्राध्यापक, हिन्दी शिक्षण योजना, गृह मंत्रालय, भारत सरकार उपस्थित थे। कार्यशाला का उदघाटन महाप्रबंधक (राजभाषा) महोदय द्वारा किया गया। इसके पश्चात डॉ॰ शर्मा ने प्रतिभागियों को राजभाषा नीति नियम, अधिनियम का पालन, भाषायी दृष्टि से क्षेत्रीय वर्गीकरण, यूनिकोड का परिचय तथा उसके उपयोग में आने वाली दैनंदिन समस्याएँ तथा उनके निदान, आदि विषयों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यशाला में एमसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों तथा क्षेत्रों से कुल 23 अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित हुए। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों ने संकाय से हिन्दी शिक्षण योजना की प्रबोध, प्रवीण और प्राज्ञ की परीक्षाओं के विषय पर चर्चा की। अंत में श्री बी.आर. साहू कलिहारी, उप प्रबन्धक (सचिवीय/राजभाषा) के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यशाला का समापन हुआ।

***